**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक 25.06.2024** **समय 18.30**

- **लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव कल– एनडीए की ओर से भाजपा सांसद ओम बिरला ने जबकि विपक्षी इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस सांसद के. सुरेश ने नामांकन भरा।**
- **18वीं लोकसभा के पहले सत्र में आज भी नवनिर्वाचित सदस्यों की शपथ हुई– प्रदेश के भी सभी सांसदों ने शपथग्रहण की।**
- **दक्षिण–पश्चिम मॉनसून ने राज्य में प्रवेश किया–कोटा और उदयपुर संभाग के कई स्थानों पर बारिश।**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने देश और प्रदेश की उन्नति में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।**

000

लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव कल होगा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद ओम बिरला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए के उम्मीदवार होंगे, जबकि विपक्षी इंडिया गठबंधन ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस के सांसद के. सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया है। दोनों उम्मीदवारों ने अध्यक्ष पद के लिए आज अपना नामांकन भरा।

इससे पहले, सरकार और विपक्ष इस पद के लिए आम सहमति बनाने में असफल रहे। संसद के बाहर मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जगत प्रकाश नड्डा ने इस मुद्दे पर कांग्रेस के नेता के० सी० वेणुगोपाल और डीएमके नेता टी० आर० बालू के साथ बैठक की। विपक्ष के नेता श्री बिरला की उम्मीदवारी पर समर्थन देने से पहले उपाध्यक्ष के नाम की घोषणा करने पर जोर दे रहे थे। इससे पहले, कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष, अध्यक्ष के लिए एनडीए उम्मीदवार को अपना समर्थन देने के लिए तैयार है, लेकिन उपाध्यक्ष पद के लिए विपक्षी पार्टी का उम्मीदवार होना चाहिए। गौरतलब है कि लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव पहली लोकसभा के समय से ही निर्विरोध होता रहा है, लेकिन यह पहली बार है, जब इस पद के लिए चुनाव हो रहा है। इस बीच 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दूसरे दिन भी नव निर्वाचित सांसदों की शपथ का सिलसिला जारी रहा। कोटा सांसद ओम बिरला ने आज शपथ ली। इसी तरह भीलवाड़ा के सांसद दामोदर अग्रवाल, टोंक–सवाईमाधोपुर सांसद हरीश मीणा, भरतपुर सांसद संजना जाटव, पाली सांसद पी.पी. चौधरी सहित प्रदेश के अन्य सांसदों ने भी आज शपथग्रहण की।

000

केन्द्रीय जांच ब्यूरो–सी बी आई ने बिहार, गुजरात और राजस्थान में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यू.जी. में कथित अनियमितताओं के पांच मामलों की जांच शुरू कर दी है। सी बी आई ने गुजरात और बिहार में नए सिरे से एक–एक मामला दर्ज किया है। वहीं राजस्थान में भी तीन मामले दर्ज किए गए हैं। इस बीच महाराष्ट्र हैल्थ यूनिवर्सिटी की वी.सी. माधुरी कानिटकर ने विद्यार्थियों से निश्चिंत रहने की अपील की है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी स्तरों पर पारदर्शिता रखते हुए प्रवेश प्रकिया पूरी कर सत्र को सुचारू रूप से शुरू किया जाएगा।

000

कृषि विश्वविद्यालय कोटा का 7वां दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने की। समारोह में 310 विद्यार्थियों को उपाधियां वितरित की गई, जिसमें 185 छात्र, 125 छात्रांए शामिल हैं। 10 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिये गये। राज्यपाल श्री मिश्र ने इस अवसर पर कहा कि कृषि क्षेत्र में निरन्तर आ रही नई तकनीक का लाभ किसानों को मिलना चाहिए और इस कार्य में कृषि विश्वविद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

000

हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह 29 जून को आयोजित किया जायेगा। जयपुर में होने वाले कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे जबकि उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा मुख्य अतिथि होंगे। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुधि राजीव ने बताया कि दीक्षांत समारोह में विश्व विद्यालय के नवनिर्मित भवन का वर्चुअली उद्घाटन भी किया जाएगा।

000

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। नये आपराधिक कानूनों के जरिये पूरे देश में एक समान न्याय प्रणाली लागू होगी। इससे न्यायिक प्रकिया में बेहतर समन्वय के साथ त्वरित न्याय सुनिश्चित हो सकेगा। नयी व्यवस्था में तीसरी श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट, मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट और सहायक सत्र न्यायाधीशों के पदों का उन्मूलन हो जायेगा। अब चार प्रकार के न्यायिक अधिकारी होंगे। शुरूआती पद द्वितीय श्रेणी न्यायिक मजिट्रेट का होगा। इसके बाद प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट, फिर प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट और सत्र न्यायाधीश का पद होगा। इसके अलावा कार्यकारी मजिस्ट्रेट भी होंगे। इस पूरी व्यवस्था का उद्देश्य न्यायिक प्रकिया में तेजी लाना है, क्योंकि नये कानूनों में बहस पूरी होने के 30 दिन के भीतर न्यायिक अधिकारी को फैसला देना होगा।

000

दक्षिण–पश्चिम मॉनसून ने राज्य में प्रवेश कर लिया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने ये जानकारी दे। उन्होंने बताया कि मॉनसून ने दक्षिण–पूर्वी हिस्से से राज्य में प्रवेश किया है।

..................

इस बीच विभिन्न जिलों से हमारे संवादाताओं ने बारिश के समाचार भेजे हैं। सवाईमाधोपुर में कल रात से रूक रूक कर बारिश हो रही है। बांसवाड़ा, उदयपुर में बरसात हुई है। दौसा और करौली में आज तेज बारिश हुई। भरतपुर में दोपहर बाद अच्छी बारिश हुई। बाड़मेर और बालोतरा में आज तेज आंधी के साथ बारिश हुई। बारिश होने से आमजन को थोडी राहत मिली। सिरोही जिले के आबूरोड, माउंट आबू और शिवगंज और जालौर जिले में बारिश हुई। उधर जैसलमेर, चूरू और आसपास के इलाकों में तेज गर्मी और उमस से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इस बीच मॉनसून के दौरान सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर बाघ अभ्यारण्य में अवैध चराई पर रोक के उद्देश्य से धारा 144 लागू की गई है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि देश और प्रदेश की उन्नति में युवाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। आज मुख्यमंत्री निवास पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधि मण्डल से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि युवा, महिला, किसान, गरीब ऐसे चार वर्ग हैं, जिनके उत्थान के लिए राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार बेटियों के साथ बेटों को भी आगे बढ़ने के पूरे अवसर प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी पूर्व बजट में युवाओं के कल्याण तथा सशक्तिकरण के लिए विभिन्न निर्णयों का समावेश किया जाएगा।

000

अलवर में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अन्तर्गत नगर निगम की ओर से लाभार्थी संवाद कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान लाभार्थियों को चैक भी वितरित किए गए। लाभार्थियों ने इस योजना के लिए केन्द्र सरकार का आभार जताया। बाड़मेर में भी प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की वर्षगांठ के मौके पर नगर परिषद की ओर से योजना के लाभार्थियों से संवाद किया गया।

000

जैसलमेर जिले के रामदेवरा में तालाब में डूबने से आज एक युवक की मौत हो गई। आज सुबह श्रद्धालुओं ने राम सरोवर तालाब में युवक के शव को देखा जिसके बाद सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक के शव को बाहर निकलवाया।

000

श्रीगंगानगर जिले में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत अब तक करीब 27 हजार किलो खाद्य पदार्थ सीज करने के साथ 204 सैंपल लिए गए हैं। अवधिपार मिले 800 किलो खाद्य पदार्थों को नष्ट किया गया है। इस दौरान 32 मिलावटखोरों के खिलाफ अदालत में वाद दायर किया गया। जिस पर कोर्ट ने निर्णय देते हुए मिलावट करने वाले इन लोगों पर 13 लाख रूपये से अधिक जुर्माना लगाया गया है।

000